Patrika (Indore), 08th April 2023, Page – 03

आइआइटी इंदौर में शुरू नहीं हो सके थे कोर्स

# टीम में शामिल होंगे 48 नए परमानेंट फैकल्टी

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

इंदौर. इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (आइआइटी), इंदौर की एकेडमिक टीम में जल्द ही 48 और परमानेंट फैकल्टी शामिल हो जाएंगे। आइआइटी ने 10 फैकल्टी को चुनते हुए उन्हें ऑफर लेटर भेजा है। बाकी 38 पदों के लिए भी भर्ती की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है।

सत्र 2023-24 से आइआइटी ने जो 11 नए कोर्स शुरू करने की घोषणा की हैं उनमें से कुछ कोर्स के प्रस्ताव पिछले सत्र के लिए भी मंजूर थे, लेकिन फैकल्टी की कमी के कारण ये कोर्स शुरू नहीं हो सके। संस्थान में फिलहाल 182 परमानेंट फैकल्टी सेवाएं दे रहे हैं। बीटेक की चार नई ब्रांच में में 120 और एमटेक के 6 कोर्स में 75 सीटें बढ़ेंगी। इस सत्र से इन कोर्स की शुरुआत सुनिश्चित करने के लिए आईआईटी बड़ी संख्या में फैकल्टी की भर्ती करने जा रहा है। आइआइटी इंदौर के सुनील कुमार ने बताया, 11 नए कोर्स के लिए फैकल्टी की भर्ती जारी है।